# पीएम मोदी 3 जून को 75000 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

## लखनऊ में होगा तीसरी बार आयोजन...मुख्यमंत्री योगी बोले-यूपी में निवेश की गारंटी है सुरक्षा

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** आगामी तीन जून को लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। यह प्रदेश में इस तरह का तीसरा आयोजन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) की विकास परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण समारोह में यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने गीडा भवन के सामने पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक हजार करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव देने वाले उद्यमियों को भूमि आवंटन का पत्र भी दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 तक भारत की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य रखा है। आबादी के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। लिहाजा, उत्तर प्रदेश से अपेक्षाएं भी अधिक हैं। प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप हम अपनी अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में तभी सफल होंगे, जब निवेश की गति निरंतर तेज होती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी कानून व्यवस्था ही निवेश की अनिवार्य शर्त है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश-दुनिया के लिए नजीर बनी है। निवेशक और उनकी पूंजी सुरक्षित है। सुरक्षा से निवेश और निवेश से विकास की गति तेज हुई है। प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी बढ़ा है। काम मिल रहा है। सबके जीवन में खुशहाली आ रही है।



सीएम योगी आदित्यनाथ ने गीडा की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान सांसद रवि किशन शुक्ला व अन्य लोग मौजूद रहे।

### हर किसी को मिलेगा न्याय

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जनता दरबार लगाया। इसमें 800 से ज्यादा फरियादी आए। मुख्यमंत्री ने समस्याएं सुनीं और कहा कि हर पीड़ित को न्याय मिलेगा। जो दोषी होगा, उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। थाना दिवस, तहसील दिवस और जनता दरबार में आने वाले हर मामले का निपटारा प्राथमिकता पर किया जाए, यह अफसर सुनिश्चित कर लें। एक ही काम के लिए बार-बार दौड़ न लगानी पड़े, इसके इंतजाम भी किए जाने चाहिए।

### जल्द ही एक ट्रिलियन डॉलर की होगी अर्थव्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना पूरा करेगी। जल्द ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। सरकार के पहले कार्यकाल में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे गए हैं। इसे दूसरे कार्यकाल में और तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

### सड़कें चलने के लिए हैं, आस्था के लिए धर्म स्थल

मुख्यमंत्री योगी आदितत्यनाथ ने कहा कि सड़कें चलने के लिए होती हैं, आस्था के लिए धर्म स्थल हैं। इसी संदेश की वजह से सड़कों पर धार्मिक गतिविधियां नहीं हुईं। माइक लगाकर उपासना व्यक्तिगत आस्था का विषय हो सकता है, इसे जबरन थोपा नहीं जा सकता। बहुत शांतिपूर्ण तरीके से प्रदेश में धार्मिक स्थलों से एक लाख से अधिक माइक हटाए गए या फिर उनकी आवाज कम की गई। आप सबने देखा कि कैसे श्रीराम नवमी, हनुमान जयंती और ईद का पर्व यहां पूरी शांति के साथ संपन्न हुआ।

### विकास के साथ सुरक्षा व त्वरित न्याय जरूरी

योगी ने कहा कि विकास के साथ सुरक्षा का माहौल और त्वरित न्याय भी मिलना जरूरी है। अधिकारी व जनप्रतिनिधि जन चौपाल से जुड़ें। रोजना एक घंटे तक जनसमस्याओं का निस्तारण करें। इसका सकारात्मक परिणाम सामने आएगा, त्वरित न्याय मिल सकेगा, विवाद की गुंजाइश खत्म हो जाएगी। तीन दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आए योगी ने दूसरे दिन रविवार को दो कार्यक्रमों के जरिये 287 करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया।